**Shree Rajasthan Syntex Ltd.**
**REG. & H. O. OFFICE:** Plot No. 106, Opposite Fire Brigade Station, Syntex Chauraha, Bhicchiwara Road, Dungarpur, Rajasthan, India, 314001
**CIN** L24302RJ1979PLC001948
**EMAIL** cs@srsl.in / **website** https://www.srsl.in
**Mobile no.** 9314879380

---

**Date: 25th May, 2025**

**To,**
**The Department of Corporate Services**
**BSE Limited**
P.J. Towers, Dalal Street,
Mumbai - 400 001

**Subject: Newspaper advertisement pertaining to publication of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on March 31st, 2025.**

**Scrip Code: 503837 (SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD.)**

**Dear Sir,**

Pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement for extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended on March 31st, 2025, published in "Vagad Doot" (Hindi edition) and "Indian Express" (English edition).

Please take the same on your records.

Yours Faithfully,
Thanking You

**For, SHREE RAJASTHAN SYNTEX LIMITED**

ANUBHAV LADIA
Digitally signed by ANUBHAV LADIA
Date: 2025.05.25 22:20:09 +05'30'

**ANUBHAV LADIA**
**WHOLE-TIME DIRECTOR & CFO**
**DIN: 00168312**

Date: 25/05/2025
Place: Dungarpur

# गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

(वागड़ दूत संवाददाता)

**बाँसवाड़ा.**

विगत छह दशक से वैदिक संस्कृति, सनातन परम्पराओं तथा प्राच्यविद्याओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित संस्था गायत्री मण्डल बांसवाड़ा के अध्यक्ष डॉ. दीपक आचार्य ने पुनर्गठित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

इसके अनुसार मनोहर जी. जोशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिमेष पुरोहित उपाध्यक्ष, विनोद शुक्ल सचिव, सुभाष भट्ट सहसचिव एवं अनन्त जोशी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कन्हैयालाल जोशी, कमलकान्त भट्ट, पं. विनय भट्ट, अरुण व्यास एवं चन्द्रेश व्यास शामिल किए गए हैं। अंजनी एण्ड राकेश एसोसिएट्स को वित्तीय सलाहकार नामित किया गया है।

मण्डल के संरक्षक मण्डल में पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता मुख्य संरक्षक तथा पूर्व सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, जयेश जोशी, डॉ. दिनेश भट्ट, पं. नरहरिकान्त आर. भट्ट, ब्रह्मर्षि पं. दिव्यभारत पण्ड्या, शैलेन्द्र भट्ट एवं पं. विद्यासागर शुक्ल को संरक्षक मनोनीत किया गया है।

मार्गदर्शक मण्डल में लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज, बेणेश्वर पीठाधीश्वर गोस्वामी श्री अच्युतानन्द जी महाराज, बड़ा रामद्वारा के संत श्री रामप्रकाश जी रामस्नेही एवं द्वारिकाधीश गौधाम वृन्दावन तलवाड़ा के संत श्री रघुवीरदासजी महाराज सम्मिलित हैं।

सलाहकार मण्डल में मनोहर एच. जोशी, त्र्यम्बकेश्वर ठाकोर, चन्द्रशेखर जोशी, नगेन्द्र दोसी चावलवाला, पं. श्रीहरि शुक्ल (प्रतापगढ़) एवं डॉ. भगवतीशंकर व्यास (उदयपुर) को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार 31 सदस्यीय विशेष आमंत्रित सदस्यों में भूपेश पाठक (बड़ौदा), ईश्वरदास वैष्णव, मधुसूदन व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी (छींछ), पं. राकेश शुक्ल (सरेड़ी बड़ी), पं. पवन पाठक, ललित जरादी, मनोज नरहरि भट्ट, सुधीर चौबीसा, प. आशीष पण्ड्या(पिण्डारमा), डॉ. नवीन उपाध्याय, विनोद चौबीसा, हिरेन उपाध्याय, भंवर गर्ग(ठीकरिया), आशीष अधिकारी, अरविन्द पाठक, दीपक तेली, राजेश व्यास चौबीसा एवं किशोर पाठक प्रमुख हैं।

मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि गायत्री मण्डल बांसवाड़ा से संबंधित महिला शाखा और युवा शाखा, मण्डल के अन्तर्गत संचालित विभिन्न परिषदों, संस्थानों, उप समितियों, व्यवस्था समितियों, श्री पीताम्बरा आश्रम से संबंधित प्रबन्ध समिति एवं उप समितियों के पुनर्गठन आदि की घोषणा कुछ दिन में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजस्थान के अन्य जिलों, प्रदेश मुख्यालय और बांसवाड़ा जिले में नगरों, बड़े कस्बों और ग्रामीण अंचलों में सदस्यता अभियान संचालित कर इनमें पृथक-पृथक शाखाओं का गठन किए जाने की योजना को शीघ्र ही अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

### कार्यकारिणी की बैठक रविवार शाम

गायत्री मण्डल बांसवाड़ा की कार्यकारिणी की बैठक 25 मई, रविवार शाम 6.15 बजे श्री पीताम्बरा आरम में होगी। इसमें मण्डल की गतिविधियों पर चर्चा के साथ ही सदस्यता अभियान, विस्तार चरणों एवं भावी निर्माण कार्यों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा।

# आधारभूत विषयों पर हो शिक्षण : चौबीसा





(वागड़ दूत संवाददाता)

कानोड. नगर पालिका क्षेत्र के विद्या भारती संस्थान द्वारा संचालित विद्या निकेतन उ.मा.विद्यालय में जिला सचिव कालूलाल चौबीसा के एक दिवसीय संकुल स्तरीय प्रवास के दोरान चिन्तन बैठक का आयोजन किया गया. चौबीसा ने भीण्डर, कानोड, लसाडिया व वल्लभनगर के समस्त आचार्य दीदी व प्रबंध समिति के साथ क्रमशः बैठक की।

बैठक के दोरान विद्या भारती के प्रशिक्षण शिविर से लोटे आचार्यों को अपने अनुभव साझा करने को कहा। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आगामी दिनों की कार्य योजना  के साथ सामाजिक समरसता ओर आधारभूत शिक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। चौबीसा ने कानोड क्षेत्र में घर-घर तुलसी वितरण, परींडा अभियान को लेकर भी आयोजकों के कार्य की सराहना की। प्रबंध समिति के मदन चौबीसा ने जिला सचिव का स्वागत किया. बैठक का संचालन प्रधानाचार्य इन्द्र लाल चौबीसा ने किया आभार संकुल प्रभारी विनोद कुमार पुरोहित ने व्यक्त किया।

## मेडिकल केम्प व रक्तदान शिविर आज,200 से अधिक ने कराया पंजीयन

(वागड़ दूत संवाददाता)

उदयपुर। उदयपुर उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन,उदयपुर टेक्स बार चौरिटेबल सोसायटी व सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई को विशाल निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, भर्ती एवं रक्तदान शिविर का सूरजपोल मेवाड़ मोटर्स गली श्री जिनदत सूरी जैन धर्मशाला वासुपूज्य कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। जिसके लिये 200 से अधिक लोगों ने अब तक पंजीयन करा लिया है। उदयपुर टैक्स बार के अध्यक्ष एवं सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सीए गौतम सुखलेचा ने बताया कि अब तक 6 लोगों ने देहदान के लिये संकल्प पत्र भरा है। इसके अलावा 16 जनों ने रक्तदान करने की ईच्छा जताई है। शिविर में भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक हॉस्पीटल का भी शिविर में सहयोग रहेगा।

## 15 जून को फादर्स डे पर होगा लव यू पापा कार्यक्रम

(वागड़ दूत संवाददाता)

उदयपुर। बी योर्स और मिताली इवेंट्स के सयुंक्त तत्वावधान में शहर के एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में 15 जून 2025 को शाम छह बजे फादर्स डे को समर्पित होगा लव यू पापा कार्यक्रम। आयोजन निदेशक श्रीमती मिताली जैन ने बताया कि पिता के प्रति कृतज्ञता रूप यह कार्यक्रम छह प्रारूपों में ऑनलाइन और लाइव आयोजित होगा जिसका ÷फिनाले ईव÷ दिनांक 15 जून को होगा। उन्होंने बताया कि राहड़ा फाउंडेशन, अजब सेवा संस्थान, सक्षम सोसाइटी, जेएसजी समता की साझेदारी में आयोजित इस मल्टी टास्किंग इवेंट में सभी तरह की प्रतियोगिताओं में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। जैन ने बताया कि पच्चीस मई 2025 तक सभी प्रतियोगिताओं के रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करवाने होंगे, उसके बाद रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत पिता के साथ मनपसंद गाने पर डांस कम्पटीशन (ऑनलाइन) , पिता को समर्पित एक भावपूर्ण गीत प्रतियोगिता (ऑनलाइन), पिता की एक खूबसूरत फोटोग्राफी चौलेंज (ऑनलाइन), पिता को समर्पित इंस्टाग्राम रील मेकिंग चौलेंज (ऑनलाइन), सुपर सिक्स क्रिकेट (लाइव) और फायरलेस कुकिंग कम्पटीशन (लाइव) के सभी तीन चयनित विजेताओं को स्वयं की प्रतिभा से पंद्रह जून को फिनाले में परिचित कराने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने पांच बालश्रमिक को बालश्रम से मुक्त करवाया

(वागड़ दूत संवाददाता)

डूंगरपुर। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर डूंगरपुर जिले के दोवडा क्षेत्र मे 12 से 15 साल के बच्चो से बालश्रम कराये जाने की सूचना प्राप्त हुई। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक बाल कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के नेतृत्व में केस सुपरवाइजर नारायण लाल बरण्डा एवं अनिता भील ने इसकी सुचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन, दोवडा पुलिस व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में डूंगरपुर जिले कें दोवडा क्षेत्र में ईट भट्टे से चार बालक और कार्तिक ज्युस सेन्टर से एक बालक को बाल श्रम से मुक्त करवाया। इनकी अग्रिम सहायता के लिए इन्हे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश कुमार जैन सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया. जहां से बच्चो को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश प्रदान किये गये। इस कार्यवाही में दोवडा पुलिस से बंशी लाल गमेती, चुन्नी लाल डामोर, भायचन्द डामोर  व श्रष्टि सेवा समिति से सुरेन्द्र ढोली सहित अन्य मौजूद रहे।

# माकड सीमा पाल स्थित हज़रत सय्यद बहादुर अली शाह के 93वें उर्स में उमड़ा आस्था का सैलाब

(वागड़ दूत संवाददाता)

**सलुम्बर.**



जिले के माकड सीमा पाल स्थित हज़रत सय्यद बहादुर अली शाह रहमतुल्लाह अलैह का 93वां सालाना उर्स बड़ी अकीदत और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों सहित उदयपुर, भींडर, चित्तौड़गढ़, निंबाहेड़ा, लसाड़िया, कानोड़, धरीयावाद और सलुम्बर से भारी संख्या में जायरीनों ने शिरकत की।

उर्स की रौनक उस समय चरम पर पहुंच गई जब अजमेर के मशहूर कव्वाल नोसाद सोले और जावरा के मुजम्मिल हुसैन ने अपने कलामों से महफिल में समा बांध दिया। सूफियाना कलाम और कव्वालियों से संगीतमय माहौल बन गया।

शाम 6 बजे कुल की रस्म के साथ उर्स का विधिवत समापन हुआ।

पूर्व नायब सदर आदिल रज़ा मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर अंजुमन सदर मोहम्मद युसूफ, पूर्व सदर हबीबुर्रहमान, सेक्रेटरी लियाकत खान, दरगाह सदर मोहम्मद इरशाद, सेक्रेटरी सलाउद्दीन खान, अंदर का शहर सदर अत्ताउल्ला खान, सदर मोईनुद्दीन मंसूरी, एहशाद खान एडवोकेट, अब्दुल रहूफ खान एडवोकेट, सोहील रज़ा, वसीम रज़ा, अब्दुल रहूफ, आज़ाद खान, वहीद खान, अंसार अहमद, मोनू रहमान, मोसीन खान, रहूफ रज़ा, सोयब रज़ा, अब्दुल रब्बानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



(वागड़ दूत संवाददाता)

उदयपुर। अमर बलिदानी क्रांतिकारी कुंवर प्रताप सिंह बारहठ जयंती एवं बलिदान दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर आयोजनकर्ता चारण धर्मांश समिति के डॉ नरेन्द्र देवल ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर 161 युनिट रक्तदान किया और बारहठ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह चारण, भरत सिंह उज्ज्वल, मुरलीधर सौदा, राघवेन्द्र सिंह बरवाड़ा, टीम भरत सिंह बरवाड़ा, डॉ सुयश वर्धन सिंह, नरेंद्र सिंह राबचा, संजय सिंह सौदा, बजरंग सिंह कविया, वाग्मी कुमार सहित चारण धर्मांश समिति उदयपुर इकाई और रॉयल्स व गुड वन्स ग्रुप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्लोबल वार्मिंग एवं लू तथा गर्म हवा को रोकने के लिए तथा पृथ्वी एवं प्रकृति को सुरक्षित रखना है तो वृक्ष लगाने होंगे : के के गुप्ता

**णमोकार वृक्षण एक पेड़ मां के नाम महाअभियान का होगा आगाज**

(वागड़ दूत संवाददाता)



**उदयपुर।** णमोकार वृक्षण एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत शुक्रवार को णमोकार वृक्षण की बैठक श्री के के गुप्ता समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण) राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में हुई।

गुप्ता ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं लू गर्म हवा को रोकने के लिए तथा पृथ्वी एवं प्रकृति को सुरक्षित रखना है तो वृक्ष लगाने होंगे तथा उन्हें सुरक्षित रखना होगा। यह कार्य लंबे समय से णमोकार संस्था कर रही है हर व्यक्ति को इसमें सहयोग करना चाहिए = ÷ वृक्षारोपण है, प्रकृति का मान, आओ पेड़ लगाकर करो इसका सम्मान, पेड़ है प्रकृति की शान, वृक्षारोपण हेतु चलाएं अभियान।÷

बैठक में उदयपुर शहर की चारों दिशाओं में वृक्ष लगाने का संकल्प जनभागीदारी से करना निश्चित किया। अब तक संस्थान लगभग 10 हजार वृक्ष जिनकी उंचाई 8 से 12 फीट तक की शहर की विभिन्न कालोनियों, मुख्य बाजार में डिवाइडर, सड़क के दोनों ओर लगा चुका है। सभी वृक्षों की नियमित देखभाल, रखरखाव पानी पिलाना संस्था द्वारा किया जा रहा है। इसमें शहर के भामाशाहों श्री पारस सिंघवी पूर्व उपमहापौर एवं के के गुप्ता समन्वयक ग्रामीण भारत सरकार का अपूरणीय सहयोग समय समय पर मुक्त रहा संस्था ने उनका आभार व्यक्त किया साथ ही दिनांक 26 मई को संस्था के प्रतिनिधि प्रशासन के साथ एक पेड़ मां के नाम महाअभियान को गति देने की बैठक करने जा रहे हैं।

अशोक अग्रवाल ने बताया कि जो भी व्यक्ति पेड़ लगाना चाहे वह कृपया 941458033 नंबर पर संपर्क करें उसके नाम से एक पेड़ लगाया जाएगा। जो की टिकट के अंदर होगा और उसका चार्ज 1500 रुपए प्रति पेड़ लिया जाएगा तथा उसकी देखरेख समय-समय पर पानी पिलाने का कार्य संस्था द्वारा किया जाएगा।

आप यह पेड़ अपनी मां के नाम से अपने पिता के नाम से अपने जन्म दिवस पर या खुशी के किसी भी अवसर पर 1500 रुपए देकर एक पेड़ लगवा सकते हैं।

पारस चित्तौड़ा ने कहा कि देश के गौरव हम सब के सम्माननीय नरेंद्र मोदी के ÷एक पेड़ मां के नाम÷ सपने को साकार करने के लिए तथा बिगड़ते हुए पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए लंबी उम्र तक जीने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं। यह आपको केवल ऑक्सीजन ही नहीं देगा अपितु आंधी, तूफानों से भी आपकी रक्षा करेगा तथा पक्षियों को सहारा देगा फल देगा तथा आमजन के अंतिम संस्कार में भी लकड़ी उपलब्ध कराएगी।

बैठक में मुकेश जैन, अशोक अग्रवाल, दिलीप नागदा, राजेंद्र जैन, पारस चित्तौड़ा, हजारी जैन, बसंत जैन, आशीष सिंघवी, विवेक दलावत, सुन्दर जैन, हेमन्त जैन आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक एसोसिएशन एवं व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जल संसाधन मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से मिलें



(वागड़ दूत संवाददाता)

डूंगरपुर। भारतीय जनता पार्टी डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष अशोक पटेल व विधायक प्रत्याशी बंसीलाल कटारा शनिवार को जयपुर दौरे पर रहे। जयपुर में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से मुलाक़ात की। जिलाध्यक्ष अशोक पटेल ने बताया कि ई.आर.सी.पी सोम कमला आंबा बाँध में ड्रेजिंग एवं डिसिल्टिंग का कार्य किया जा रहा है इनके द्वारा सोम कमला आंबा बाँध के भराव क्षेत्र में अवैध उत्खनन को रोकने हेतु चेक पोस्ट लगायी गई है। ट्रक एसोसिएशन डूंगरपुर एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा गुजरात से बजरी लाई जा रही है। जबकि कंपनी द्वारा लगाए गए चेक पोस्ट के कर्मचारियों द्वारा ट्रक असोसिएशन एवं व्यापारियों को अकारण ही परेशान किया जा रहा है। इसमें विशेष यह है कि कंपनी का कार्यक्षेत्र बिलकुल अलग है। कंपनी के द्वारा जो चेक पोस्ट लगायी गई है उसके द्वारा डूंगरपुर के ट्रक एसोसिशन एवं व्यापारियों को अकारण परेशान किए जाने के संबंध में नियमानुसार उचित कार्रवाई का आग्रह किया। विधायक प्रत्याशी बंसीलाल कटारा ने बताया कि जन समस्याओं का समाधान ही भाजपा का मूल कार्य। सूबे के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सरकार विकसित राजस्थान की ओर अग्रसर है। जन समस्याओं के निदान के लिए हम भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य करेंगे।

# डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग कमेटी की बैठक

**जनहित पर फोकस, शिक्षा और स्वास्थ्य को मिलेगी मजबूती, पूर्व में स्वीकृत 811 करोड़ के कार्यों का अनुमोदन**

(वागड़ दूत संवाददाता)



उदयपुर। डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग कमेटी की बैठक शनिवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। इसमें राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी सहित कई विधायकगण मौजूद रहे।

बैठक के प्रारंभ में सदस्य सचिव ने डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसमें बताया कि पूर्व में उदयपुर डीएफएफटी फण्ड में तकरीबन सवा दो सौ करोड़ रूपए वार्षिक आय थी। सलूम्बर जिले में पृथक से डीएमएफटी गठित होने के बाद अब तकरीबन 185 करोड़ रूपए रहेगी। सलूम्बर जिले की लाइब्लिटी स्थानांतरण प्रक्रियाधीन है। बैठक में अवगत कराया कि जिले में डीएमएफटी के लिए वर्ष 2016-17 से अब तक करीबन 811 करोड़ रूपए के कुल 1486 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कुछ प्रगतिरत हैं। सदन ने पूर्ववर्ती कार्यों का अनुमोदन किया।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि डीएमएफटी फण्ड से पूर्व में स्वीकृत कार्यों की लाइब्लिटी घटाकर नए प्रस्तावों की कार्ययोजना बनाई गई है। इनमें से राज्य सरकार के आदेशानुसार तकरीबन 150 करोड़ रूपए बजट घोषणाओं की क्रियान्विति पर खर्च होने हैं। इसके अलावा राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों की मंशानुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने से जुड़े कार्यों पर फोकस किया जा रहा है।

जिला कलक्टर ने कहा कि डीएमएफटी के प्रावधानों के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी प्राथमिक आवश्यकता पर अधिक फोकस किया जाएगा। इसके लिए विधानसभावार जनहित से जुड़े कामों के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं।

बैठक में महाराणा भूपाल चिकित्सालय में जनाना अस्पताल भवन निर्माण के लिए 60 करोड़ रूपए की राशि का अनुमोदन किया गया। उल्लेखनीय है कि जनाना अस्पताल के लिए नवीन भवन बनना है। इसके लिए 120 करोड़ रूपए का बजट खर्च होना है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 60 करोड़ रूपए डीएमएफटी मद से तथा शेष 60 करोड़ रूपए यूडीए फण्ड से स्वीकृत किए जाने हैं।

बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने जनाना अस्पताल भवन के लिए 60 करोड़ रूपए आवंटन के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए इसे जनहित के लिए अतिआवश्यक बताया।

बैठक में अवगत कराया कि डीएमएफटी के माध्यम से पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता ने गंभीरता से प्रयास किए। इसी के परिणाम स्वरूप पिछले दो माह में 70 करोड़ रूपए से अधिक की राशि विभिन्न कार्यों के लिए जारी की गई। इससे प्रगतिरत कार्यों में तेजी आई है।

बैठक में सांसद व विधायकगणों ने पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति जानी। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रगतिरत कार्यों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लिया। साथ ही व्यावहारिक तौर पर आने वाले समस्याओं की भी चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। बैठक में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, गोगुन्दा विधायक प्रताप गमेती, खेरवाड़ा विधायक दयाराम परमार, मावली विधायक पुष्कर डांगी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, कोषाधिकारी ग्रामीण महेंद्र सिंह, टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर, आरएनटी प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, एसई पीडब्ल्यूडी राजीव अग्रवाल, सीडीईओ महेंद्र कुमार जैन सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


**श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड**

**सीआईएन: L24302RJ1979PLC001948**

**कार्यालय:** प्लॉट नंबर 106, फायर ब्रिगेड स्टेशन के सामने, सिंटेक्स चौराहा, भिचीवाड़ा रोड, डूंगरपुर–314001 | **फोन:** 91–9314879380 | **वेबसाइट:** www.srsl.in | **ई–मेल:** cs@srsl.in

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख रुपए में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 567 | 339 | 452 | 1,677 | 3,735 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, असाधारण और / या असाधारण मदें) | (653) | (361) | 1,435 | (1,351) | (14) |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद) | (731) | (359) | 12,666 | (1,437) | 11,215 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मदों के बाद) | (731) | (359) | 12,666 | (1,437) | 11,215 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है] | (756) | (341) | 12,747 | (1,408) | 11,287 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 2,801 | 2,801 | 2,801 | 2,801 | 2,801 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | (2,888) | (1,479) |
| 8 | रुपये में प्रति शेयर आय (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 / – रुपये) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | |
| | 1. मूल (वार्षिकीकृत नहीं) | (2.61) | (1.28) | 45.22 | (5.13) | 40.04 |
| | 2. तनु (वार्षिकीकृत नहीं) | (2.61) | (1.28) | 45.22 | (5.13) | 40.04 |

**टिप्पणियाँ:**

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष के अंत में लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई लिमिटेड के लिए स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.srsl.in) पर उपलब्ध है।
2. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और लागू सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. उपरोक्त परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 23.05.2025 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है 4. पिछली अवधि / वर्ष के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक समझा गया, पुनः समूहीकृत / पुनः व्यवस्थित और / या पुनर्गठित किया गया है।

**श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड** के लिए
**हस्ता / –**
**अनुभव लाडिया**
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीएफओ
**डीआईएन:** 00168312

**दिनांक:** 24.05.2025
**स्थान:** डूंगरपुर

